प्रादेशिक समाचार
07.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि सरकार के बेहतर केंद्र–राज्य समन्वय से देश से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म किया जा रहा है। श्री शाह ने आज नई दिल्ली में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा है और इससे किसी का भला नहीं होने वाला है। श्री शाह ने नक्सलवाद से जुड़े सभी युवाओं से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आने की अपील की है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक पद पर आज 23 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वर्ष 2001 में आज ही के दिन श्री मोदी पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे। श्री मोदी के 23 साल के सार्वजनिक जीवन पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नरेन्द्र मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बताया।

****

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि झारखंड में भी उनकी पार्टी लोजपा एनडीए के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीच में श्री पासवान ने कहा कि इस सिलसिले में उनकी केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से बात हुई है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा।

****

विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस का चुनाव अभियान तेज हो गया है। इस कड़ी में पार्टी कैंपेन कमिटी के अध्यक्ष और पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और बेरमो विधायक अनूप सिंह ने गिरिडीह जिले में आयोजित संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री सहाय ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो के बीच सीटो को लेकर कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन गठबंधन के नेता हैं और आगे भी रहेंगे। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि राज्य में फिर गठबंधन की सरकार बनेगी।

****

जेएसएलपीएस के तहत कई योजनाओं का लाभ लेकर लोग लाभान्वित हो रहे हैं। रांची के ओरमांझी प्रखण्ड में भी कई महिलाओं ने भी आर्थिक आत्मनिर्भरता की ताकत हासिल की है।

****

शारदीय नवरात्र का आज पांचवा दिन है। आज के दिन मां दुर्गा के पांचवें स्वरुप स्कन्दमाता की पूजा हो रही है। रांची समेत पूरे राज्य में नवरात्र को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। रांची में कई पूजा पंडाल श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिये गये हैं, जहां भक्तों की भारी भीड़ देखी जा रही है। इस बीच प्रशासन ने दुर्गा पूजा को लेकर नौ से 13 अक्तूबर तक शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया है। इस दौरान सुबह आठ बजे से अगले दिन सबेरे चार बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है।

****

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का असर झारखंड पर दिख रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आज से 11 अक्तूबर तक राज्य के सभी हिस्सों में बादल छाये रहेंगे और कई स्थानों पर बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची के अलावा संताल और कोल्हान के कई जिलों में बारिश हो सकती है।

*******समाप्त*******